जगदलपुर, मंगलवार 23 फरवरी 2021

राजधानी

दण्डकारण्य समाचार | 3

www.dandakaranyasamachar.com

समाचार संक्षेप

जुआ खेलते 14 गिरफ्तार, नगदी व ताश की 52 पत्ती जब्त

रायपुर,22 फरवरी। जुआ खेलते अमलपुर व गोबरानवापारा क्षेत्र में पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी रुपये एवं ताश की 52 पत्ती जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा व अमलपुर थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 20 फरवरी को नवातालाब के पास ग्राम मरेंगाठा में जुआ खेलते परदेशी सोनवानी 50 वर्ष पिता माखन सोनवानी एवं अन्य 3 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 1500 रुपये एवं ताश की 52 पत्ती जब्त की है। इसी तरह गोबरानवापारा पुलिस ने 20 पुरवरी को ग्राम तोरला तालाब के पास अलग-अलग फंड में रेड की कार्रवाही कर जुआ खेलते कुंज बिहारी साहू 40 वर्ष पिता रविशंकर साहू एवं अन्य 3 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 900 रुपये एवं ताश की 52 पत्ती जब्त की है व सैल कुमार 47 वर्ष पिता मोहन मैहर एवं अन्य 5 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 880 रुपये एवं ताश की 52 पत्ती जब्त की है। पकड़े गए सभी जुआरियों के विवाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत कार्रवाही की गई है।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल को उनकी पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर, 22 फरवरी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और कृषक नेता स्वर्गीय डॉ. खूबचंद बघेल को 22 फरवरी को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सादर नमन किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि डॉ. खूबचंद बघेल ने अपना पूरा जीवन समाज और किसानों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। कई रचनात्मक और किसान तथा मजदूर हितैषी गतिविधियों से जुड़कर जीवन के अंतिम समय तक वे छत्तीसगढ़ की सेवा करते रहे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। बघेल ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने विधायक और राज्यसभा सांसद के रूप में भी क्षेत्र की उल्लेखनीय सेवा की। उन्हें के सपनों के अनुरूप हम नवा-छत्तीसगढ़ का निर्माण कर रहे हैं। उनके कृतित्व और व्यक्तित्व के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना शुरु की गई है, जिसके तहत 5 लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज की व्यवस्था मरीजों के लिए उपलब्ध कराई जा रही है।

वृहद् लोक अदालत में कुल 134 मामलें निराकृत

रायपुर, 22 फरवरी । रविवार को जिला न्यायालय, रायपुर में तथा समस्त अधीनस्थ तालुका न्यायालय गरियाबंद, देवभोग, राजिम व तिल्दा में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्राधिकरण के अध्यक्ष राम कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में वृहद लोक अदालत का ''कोरोना संक्रमण से बचाव के संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए'' आयोजन किया गया। उक्त आयोजित वृहद लोक अदालत में रायपुर न्यायालय के अंतर्गत 12 खण्डपीठों एवं तहसील न्यायालय में 5 खंडपीठों का गठन किया गया। रायपुर के साथ साथ तालुका न्यायालय गरियाबंद, तिल्दा, देवभोग एवं राजिम के न्यायालयों/ खण्डपीठों में प्रातः 11:00 बजे से मामलों की सुनवाई प्रारंभ हुई और शाम होते तक कुल 134 मामलों का निराकरण हुआ जिसमें अवार्ड राशि कुल 5,20,94,925/- प्रदान किया गया। इनमें आपराधिक राजीनामा के 43 चैक बाउंस के कुल 60 मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 14 मामलें सिविल के 05 शेष 03 अन्य न्यायालयीन मामलें सहित 09 विवाद पूर्व (प्री-लिटिगेशन) मामलें निराकृत हुए। इनमें से कई मामले लंबे समय से न्यायालय में लंबित थे और आज अनेक मामलों में पक्षकारों ने आपसी राजीनामा से अपने मामले का निराकरण कराया और अपने बीच आपसी बैर और विवाद को हमेशा के लिये समाप्त कर लिया। इस वृहद लोक अदालत में अपर जिला न्यायाधीश - सुरेश जूल, श्रीमती सरिता दास एवं राजेन्द्र कुमार वर्मा तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट - डा.सुमीत कुमार सोनी, जलक कुमार डिडको, गिरिवर सिंह राजपूत, कु0 प्रीति नागवंशी, राहुल सर्राफ दीपक कुमार शर्मा, कु0 चेतना ठाकुर, आशीष भगत एवं वीरेन्द्र सिंह की खंडपीठ ने मामलों की सुनवाई की।

छत्तीसगढ़ में नदी-नालों को मिल रहा नया जीवन

रायपुर, 22 फरवरी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य में भू-जल संरक्षण और संवर्धन के लिए संचालित नरवा (नाला) विकास योजना के जरिए राज्य के नदी-नालों और जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया जा रहा है। राज्य में संचालित नरवा विकास योजना दरअसल छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के नरवा, गुरवा, घुरवा, बाड़ी का एक घटक है। नरवा विकास के माध्यम से वर्षा जल को सहेजने के लिए तेजी से नालों का उपचार कराया जा रहा है।

प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ राज्य में 1385 नरवा (नाला) उपचार के लिए चिन्हित किए गए हैं। जिसमें से 1372 नालों में वर्षा जल की रोकथाम के लिए बोल्डर चेक, गली प्लग, ब्रश हुड, परकोलेशन टैंक जैसी संरचनाओं का निर्माण एवं उपचार कर पानी को रोकने और भू-जल स्तर बेहतर बनाने प्लान तैयार कर काम कराया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य में सुराजी गांव योजना के प्रमुख घटक नरवा (नाला) के तहत अब तक 1310 नालों में वर्षा जल को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के 71 हजार 831 स्ट्रक्चर बनाए जाने की मंजूरी दी गई है, जिसमें से 51 हजार 742 स्ट्रक्चर का निर्माण हो चुका है। अभी 9 हजार 685 स्ट्रक्चर निर्माणाधीन है।

लगभग दो सालों से छत्तीसगढ़ राज्य में भू-जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों का सकारात्मक परिणाम भी अब दिखाई देने लगा है। छत्तीसगढ़ राज्य में पानी को रोकने की इस मुहिम को केन्द्र सरकार ने न सिर्फ सराहा है, बल्कि सूरजपुर और बिलासपुर जिले को नेशनल वाटर अवार्ड से सम्मानित भी किया है। यह नेशनल वाटर अवार्ड बिलासपुर जिले को नदी-नालों के पुनरूद्धार के लिए और सूरजपुर जिले को जल संरक्षण के उल्लेखनीय कार्यों के लिए भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की ओर से दिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के जिन-जिन क्षेत्रों में नरवा उपचार के काम हुए हैं, वहां भू-जल स्तर में आशातीत वृद्धि हुई है। नालों में जल भराव होने से किसान अब बेहतर तरीके से फसलोत्पादन के साथ-साथ साग-सब्जी की भी खेती करने लगे हैं। नालों के पानी को लिफ्ट करने से किसानों को सिंचाई की भी सुविधा मिली है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना के माध्यम से गांवों को विकसित और आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की पहल की जा रही है। दरअसल यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों का गांव गढ़ने की दिशा में बढ़ते कदम है। इसके माध्यम से नदी-नालों एवं पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देकर पौष्टिक खाद्यान्न, फल तथा सब्जी-भाजी के उत्पादन को बेहतर बनाना है, ताकि गांव आर्थिक रूप से समृद्ध हो सके। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने वर्धा के सेवा आश्रम में प्रार्थना सभा में कहा था कि हमारी दृष्टि दिल्ली के बजाय देहात की ओर होनी चाहिए। देहात हमारा कल्पवृक्ष है। कल्पवृक्ष हर इच्छाओं को पूरा करता है। छत्तीसगढ़ सरकार सुराजी गांव योजना के माध्यम से ग्रामीण संस्कृति, परंपरा और प्राकृतिक संसाधनों को सहेज कर सशक्त, खुशहाल और समृद्ध गांव गढ़ रही है।

पेट्रोल-डीजल ने निकाला जनता का तेल, महंगाई रोकने में भाजपा-काँग्रेस फेल - भगवानू

रायपुर, 22 फरवरी। जनता काँग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश प्रवक्ता भगवानू नायक ने देश में पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों के लिए भाजपा और काँग्रेस दोनों को दोषी ठहराते हुए कहा भाजपा शासित केंद्र सरकार की अदूरदर्शिता सोच और कूनीतियों का दुष्परिणाम को आज देश की जनता भोग रही है। इसके लिए न सिर्फकेंद्र सरकार बल्कि देश की मुख्य विपक्षी काँग्रेस भी जिम्मेदार है जो सरकार को घेरने में असमर्थ है। वहीं राज्य में सत्ता रूढ़ काँग्रेस भी जिम्मेदार है जो चाहे तो छत्तीसगढ़ में शराब की अपार कमाई को समायोजित कर पेट्रोल डीजल की कीमतों में कमी लाकर राज्य की जनता को राहत दे सकती है।

भगवानू नायक ने कहा जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी तब महंगाई को लेकर भाजपा घड़ियाली आंसू बहाया करती थी और महंगाई को डायन कहा करती थी लेकिन आज वहीं महंगाई रूपी डायन आज भाजपा के लिए मुसीबत बन गई। इस प्रकार काँग्रेस और भाजपा दोनों ही महंगाई को रोकने में नाकाम रही है दोनों राजनीतिक दल महंगाई रोकने में फेल हो गई है। भगवानू नायक ने कहा यदि राज्य में जल्द ही पेट्रोल और डीजल की मूल्यों को कमी नहीं जाती है तो जनता काँग्रेस महंगाई के विरोध में जल्द ही साइकिल रैली निकालेगी।

भगवानू नायक ने कहा 2014 के लोकसभा चुनाव के पूर्व योग गुरु बाबा राम देव ने एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में 30 रुपया प्रति रुपया पेट्रोल प्राप्त करने के लिए मोदी को वोट देने का देश की जनता से अपील किया था जबकि मोदी राज में पेट्रोल और डीजल की मूल्य में लगातार वृद्धि हो रही है जिसके लिए बाबा रामदेव को देश की जनता से माफी माँगना चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्रियों से मिले तो छत्तीसगढ़ के लिए क्या मांगा - कांग्रेस

रायपुर, 22 फरवरी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात पर कांग्रेस ने तंज कसा प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को छत्तीसगढ़ की जनता को बताना चाहिए कि वो दिल्ली दौरे में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के लिए कुछ मांगे है? या पूर्व में जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदों ने केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में चल रही जनहितैषी जनकल्याणकारी किसान हितैषी योजनाओं को बैन करने कुटरचना किए थे,छत्तीसगढ़ को मिलने वाली केंद्रीय योजना की राशि को रोकवाने का निंदनीय कृत्य किये हैक्या पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने भी अपने सांसदों की तरह ही छत्तीसगढ़ विरोधी भाजपा के मंसूबों को ही आगे बढ़ाने का काम किये है? प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के 2 साल के कार्यकाल के बाद छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दाविहीन हो चुकी है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार को मिल रहे व्यापक जनसमर्थन से घबराई भाजपा निरंतर झूठ प्रोपेगंडा गुमराह करने की राजनीति कर रही है और केंद्रीय सरकार के साथ सांठगांठ कर केंद्रीय शक्तियों का दुरुपयोग कर छत्तीसगढ़ के साथ भेदभाव की राजनीति कर रही है।छत्तीसगढ़ को मिलने वाली केंद्रीय योजनाओं को रुकवाने का निरंतर षड्यंत्र कर रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों के नाम से घड़ियाली आंसू बहाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करते वक्त क्या छत्तीसगढ़ से पूर्व में हुई सैद्धान्तिक सहमति के अनुसार एफसीआई में 60लाख मिट्रिक टन चावल जमा करने की अनुमति देने के विषय में चर्चा किये? केंद्र सरकार के पास बकाया छत्तीसगढ़ के जीएसटी और जीएसटी क्षतिपूर्ति राशि का तत्काल भुगतान के विषय में पक्ष रखे?छत्तीसगढ़ के अतिशेष चावल से एथेनॉल बनाने परमिशन देने के सम्बन्ध में चर्चा किये? छत्तीसगढ़ के लाखों किसानो का नाम किसान सम्मान निधि से काटे जाने का विरोध किये? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के द्वारा केंद्र सरकार से मांगी गई 30 हजार करोड़ की राहत पैकेज के विषय मे बात किये जिसे कोरोना संकट काल के चलते बंद पड़ी आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप से शुरू करने में मदद मिल सके?नगरनार संयंत्र को निजी हाथों को सौंपने की चल रही योजना का विरोध किए? प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के नेता चाहे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह हो भाजपा के 9 सांसद हो भाजपा के वरिष्ठ नेता हो छत्तीसगढ़ में ये सब छत्तीसगढ़ के किसानों मजदूरों युवाओं महिलाओं के नाम से राजनीति करते हैं यहां घड़ियाली आंसू बहाते हैं लेकिन जब ये केंद्रीय मंत्रियों से मिलते हैं तो छत्तीसगढ़ के विषय में बात रखने से डरते हैं और छत्तीसगढ़ के साथ केंद्र सरकार के द्वारा बरते जा रहे भेदभाव का विरोध नहीं भी करते हैं। छत्तीसगढ़ की जनता पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और भाजपा नेताओं के दो मुंहे चेहरे को पहचान चुकी है।

शिविर...

रायपुर, 22 फरवरी। सरकार तुंहर द्वार के तहत वार्ड 42 पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड में आयोजित समाधान शिविर में अपनी समस्याएं बताते हुए लोग।

अब जागी कांग्रेस सरकार रोजगार के मुद्दे पर, अंततः 14580 शिक्षकों को नियुक्ति आदेश जारी किया-आप

रायपुर, 22 फरवरी। पिछले महीनों में आम आदमी पार्टी ने 14580 चयनित शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए पार्टी के शीर्ष नेताओं ने आमरण अनशन भी किया बावजूद उसके उन्हें नियुक्ति नही दी गयी। आम आदमी पार्टी ने पूरे प्रदेश के युवाओं को एकजुट करने को लेकर व रोजगार की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने युवा रोजगार यात्रा निकालने हेतु राज्य शासन से परमीशन मांगी लेकिन यात्रा को लेकर परमिशन नही दी गई।फिर भी प्रादेशिक स्तर पर आम आदमी पार्टी प्रदर्शन कर युवा चयनित शिक्षकों की मांग लगातार उठाते हुए आंदोलन व प्रदर्शन करती रही। इसका ही नतीजा है आज प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आदेश पारित कर 14580शिक्षकों को नियुक्ति पत्र जारी किया।

आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को ओर से चयनित शिक्षकों को बधाई देते हुए प्रदेश के युवाओं को विश्वास दिलाती है कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए संघर्ष करती रहेगी।

प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने कहा है कि हम कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार को सद्बुद्धि हेतु दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मंदिर से सद्बुद्धि यात्रा निकाली जिसमे प्रदेश भर के शीर्ष पदाधिकारी शामिल हुए और आज जा कर भूपेश सरकार को 14580शिक्षकों को नियुक्ति मिली ये युवाओं के साथ साथ आम आदमी पार्टी की बड़ी जीत है।

प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है बावजूद इसके सरकार इसे अनदेखा कर रही है । इतना ही नहीं अपनी वाजिब मांग को लेकर आंदोलन करने वाले शिक्षक अभ्यर्थियों के ऊपर यह सरकार लाठीचार्ज करवाती है और इनके ऊपर गलत धारा लगाकर एफआईआर भी दर्ज करती है जो बहुत ही गलत व निन्दनीय है। यह सरकार रोजगार देने में नाकाम है। इनके पास रोजगार को लेकर किसी प्रकार की कोई योजना न पूर्व में थी न अभी है इनके ही वादे को याद दिलाते हुए शिक्षक अभ्यर्थियों ने पूर्व में आंदोलन किया जिस पर अभ्यर्थियों के ही ऊपर आपराधिक मामलों का धारा लगाकर पूरे संगठन को डराया गया और अब जाकर नियुक्ति दी गई। कांग्रेस सरकार अपने किए वादे भी निभा पाने में इतनी धीमी है कि 30महीने बाद सिर्फ 14580शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दे पाई बाकी युवा बेरोजगारों को कब रोजगार मिलेगा ये यक्ष प्रश्न है।

अरविन्दो व्यक्तित्व विकास केन्द्र रायपुर का कचना में हुआ शुभारंभ

रायपुर, 22 फरवरी। अरविन्दो सोसाईटी, पांडिचेरी की रायपुर शाखा के अन्तर्गत कचना के अरविन्दों मार्ग पर स्थित अरविन्दो व्यक्तित्व विकास केन्द्र का आज रायपुर ग्रामीण के विधायक सत्यनारायण शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शुभारंभ किया। अरविन्दो सोसाईटी के लिए राज्य सरकार की तरफ से रियायती दर पर एक एकड़ जमीन उपलब्ध कराया गया है जबकि भवन निर्माण के लिए एनएमडीसी की तरफ से वित्तीय सहायता मुहैया कराई गई है।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि मैं इस कार्यक्रम में आकर और सोसाईटी के कार्यों के बारे में जानकर अभिभूत हुं। शर्मा ने कहा कि अरविन्दो के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में किसी को कुछ बताने की जरूरत नही है क्योंकि देश के राष्ट्रीय चरित्र निर्माण और जनशिक्षा तथा स्वास्थ के क्षेत्र में अरविन्दो का योगदान अद्वितीय है। शर्मा ने कहा कि अरविन्दो के विचारों पर आधारित यह व्यक्तिव विकास केन्द्र इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। इस अवसर पर एनएमडीसी द्वारा अरविन्दो व्यक्तिव विकास केन्द्र को दी गई सहायता के लिए शर्मा ने एनएमडीसी के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि एनएमडीसी छत्तीसगढ़ में सीएसआर के तहत जो काम कर रहा है वो अद्भुत है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीजीपी डीएम अवस्थी ने कहा कि देश में अरविन्दो का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने जिस कठिन समय में भारत को एक नई दिशा और दर्शन दी वो आज ही हमारा पथ प्रदर्शन कर रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरविन्दो सोसाईटी रायपुर की अध्यक्ष डा.इन्दिरा मिश्रा ने कहा कि मां और अरविन्दो का संपूर्ण जीवन दिव्य और प्रेरणादायी है। उन्होंने अरविन्दो व्यक्तित्व विकास केन्द्र की आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केन्द्र में युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाने की कोशिश तो की ही जाएगी, आसपास के महिलाओं और बुजूर्गों के लिए भी यह केन्द्र काम करेगा और उन्हें कौशल विकास के साथ ही, योग, अध्यात्म और स्वयं के विकास के कार्यक्रमों से जोड़ेगा। उन्होंने केन्द्र के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए तत्कालिन रमन सरकार और भवन निर्माण के लिए सहायता उपलब्ध कराने के लिए एनएमडीसी को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएमडीसी के सलाहकार दिनेश वास्तव ने कहा कि यह एनएमडीसी का सौभाग्य है कि एनएमडीसी को अरविन्दो व्यक्तित्व विकास केन्द्र के माध्यम से एक पवित्र कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने का अवसर मिल रहा है। वास्तव ने एनएमडीसी द्वारा छत्तीसगढ़ में सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी और कहा कि एनएमडीसी छत्तीसगढ़ में हरेक साल 180 करोड़ रूपए की लागत से सीएसआर के काम करती है, जिसका मुख्य उद्देश्य बस्तर के लोगों और छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि एनएमडीसी के सीएसआर मद से संचालित दंतेवाड़ा का आस्था स्कूल और हू लो आसमान कार्यक्रम अद्भुत है। उन्होंने बताया कि हू लो आसमान कार्यक्रम से बस्तर जैसे पिछड़े इलाके से भी पांच बच्चों का चयन आईआईटी के लिए हुआ है।

काम की गारंटी करने के लिये बजटीय प्रावधान करने की मांग को लेकर मनरेगा मजदूरों ने किया प्रदर्शन

रायपुर, 22 फरवरी। प्रदेश के तीन जिलों दुर्ग, बालोद और राजनांदगांव से आये एक सैकड़ा मनरेगा मजदूरों ने छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के आह्वान और छत्तीसगढ़ श्रमिक मंच तथा छग मनरेगा मजदूर कल्याण संघ के नेतृत्व में रायपुर के बूढ़ा तालाब धरना स्थल पर जोरदार प्रदर्शन किया मजदूर केंद्र के कानून के अनुसार 100 दिन और राज्य सरकार के वायदा के अनुसार 50 दिन काम देने और पारिश्रमिक के भुगतान हेतु 5 हजार करोड़ और 2500 करोड़ रूपये का बजटीय प्रावधान करने की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे, उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष में केंद्र के बजट से राज्य में पंजीकृत 20 लाख मजदूरों में से 2 लाख को भी पूरे 100 दिन काम नहीं दिया जा सका है इसी प्रकार राज्य के बजट से 18 मजदूरों को भी 50 दिन का काम नहीं दिया जा सका है, मनरेगा मजदूरों को छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष एड. राजकुमार गुप्त ने कहा कि मनरेगा मजदूरों का संगठित होना रोजगार सहायकों, पंचायत सचिवों और सरपंचों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है इसीलिये वे मनरेगा मजदूरों को धमका रहे हैं 'नरेगा मजदूरों को रायपुर के प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिये कुछ पंचायतों में आज रविवार अवकाश के दिन भी काम पर बुलाया गया है, उन्होंने आगाह किया है कि धमका कर और दबाव डालकर मनरेगा मजदूरों को संगठित होने से नहीं रोका जा सकेगा, आज मनरेगा मजदूरों में प्रमुख रूप से मंच के केंद्रीय महासचिव रजा अहमद, प्रदेश महासचिव पूरनलाल साहू, छत्तीसगढ़ श्रमिक मंच के मंगलूराम बघेल, भगतराम, छग मनरेगा मजदूर कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कौशिक, लता चंद्राकर, रीना देशमुख, झिरनी साहू, मंच के अक्षय साहू, रूपनारायण साहू, भीमा साहू, भोला साहू सहित भारी संख्या में मनरेगा मजदूर शामिल थे।